प्रफुल्ल कोलख्यान

आप क्या सोचते हैं?

अधूरी पढ़कर
कविता को पलट देते हैं आप!

आप क्या सोचते हैं?

चलती गाड़ी की ओर
पत्थर उछाल देता है बच्चा !

बच्चा क्या सोचता है ?

चलती गाड़ी की खिड़कियाँ
बंद कर लेता है मुसाफिर !

मुसाफिर क्या सोचता है ?

पटरियों को
उखाड़ फेकता है जवान !

जवान क्या सोचता है ?

अखबार को एक झटके से
किनारे कर देता है अधेड़ !

अधेड़ क्या सोचता है ?

अधूरी पढ़कर
कविता को पलट देते हैं आप !

आप क्या सोचते हैं ?